## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# उत्तराखण्ड ने अपनी विशिष्ट पहचान बनायीः मुख्यमंत्री

**शुभकामनाएँ**

### ड्यूटी पर आने वाले पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के द्वितीय प्रशिक्षण सत्र का विधिवत शुभारम्भ

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेश वासियों को बधाई व शुभकामनाएँ दी हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, संविधान निर्माताओं एवं राज्य आन्दोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के लिये रखी गई विकास की ठोस नींव पर हम ''सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास'' के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ट्रेड, टैक्नोलॉजी और टूरिज्म के मूल मंत्र को आत्मसात कर ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ आदर्श उत्तराखण्ड के निर्माण की दिशा में अग्रसर हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तराखण्ड ने अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है, इसके लिए राज्य को कई क्षेत्रों में पुरस्कृत भी किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हित से जुड़ी योजनायें आम आदमी पर केन्द्रित हों इसके निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों को दिये गये हैं। आम नागरिक की गरिमा व सम्मान के दृष्टिगत प्रशासनिक अधिकारियों को उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के भी स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं। उत्तराखण्ड निर्माण के मूल में रही जन भावनाओं को साकार करने के लिए प्रदेश के सीमान्त क्षेत्रों के विकास के साथ ही समाज के अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में सुधार लाने तथा पलायन रोकने की दिशा में कारगर प्रयास किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता को बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ सुविधा मिले, दुर्गम क्षेत्रो तक आम जन जीवन में खुशहाली आये इसके लिये क्षेत्र विशेष की आवश्यकता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करते हुए योजनाओं के निर्माण पर ध्यान दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराने के लिये न्याय पंचायत स्तर पर ग्रोथ सेन्टरां की स्थापना की जा रही है। उद्यमिता को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो, इसके लिये उद्योगों के अनुकूल नीतियां तैयार कर उनका प्रभावी अनुश्रवण किया जा रहा है।

सीएम ने कहा कि शिक्षा के समग्र विकास के लिये स्कूल, कॉलेज तथा विश्वविद्यालयों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किये जा रहे हैं। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, उद्योग व पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड छोटा पर्वतीय राज्य होने के बावजूद भी हम न केवल देश की इकोलोजी बल्कि देश की इकोनोमी में भी अहम् योगदान कर रहे हैं। हर जिले में एक वाटरशेड पर काम किया जा रहा है।

#### गाँवों को सडक से जोड़ने का हमारा लक्ष्य

उत्तराखण्ड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने, गंगा की निर्मलता, जल संरक्षण, वृक्षारोपण व स्वच्छता के लिए संकल्प लेने का भी उन्होंने आह्वान किया है। प्रदेश के सभी गाँवों को सडक से जोड़ने का हमारा लक्ष्य है, इसके लिए 250 की आबादी वाले जो गाँव पीएमजीएसवाई के मानकों के अंतर्गत इससे आच्छादित होने से रह जायेंगे, ऐसे गांवों को सडक से जोड़ने के लिए राज्य सरकार द्वारा राज्य योजना से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।


**सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**



मुकेश डिमरी
सहायक अभियन्ता
सिंचाई विभाग
यमुना कालोनी
देहरादून।


## वन–वे–ट्रैफिक के खिलाफ व्यापारियों ने खोला मोर्चा

**संवाददाता** देहरादून। घंटाघर के आसपास एक किलोमीटर के दायरे में पुलिस प्रशासन द्वारा शुरू किए गए वन वे–ट्रैफिक के विरोध में शनिवार को व्यापारी अपनी दुकानें बंद कर सड़कों पर उतर आए। व्यापारियों के मुताबिक घंटाघर के आसपास पूरी तरह से वन–वे ट्रैफिक और वाहनों की पार्किंग बंद कर देने से उनका पूरा व्यापार चौपट हो गया है। ऐसे में पुलिस प्रशासन शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के बजाय

#### व्यापारियों का धंधा भी चौपट किया जा रहाः व्यापारी


सड़कों पर मनमर्जी का वन–वे ट्रैफिक लागू कर न सिर्फ जनता को परेशानी में डाल रही है, बल्कि व्यापारियों का धंधा भी चौपट किया जा रहा।

व्यापारियों ने इस बात की चेतावनी दी है कि अगर पहले की तरह यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं होती है तो सोमवार से अनिश्चितकाल प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं व्यापारी के समर्थन में राजपुर भाजपा विधायक खजान दास ने भी माना कि इस तरह के वन वे–ट्रैफिक डायवर्जन से जनता और व्यापारियों को खासी परेशानी हो रही है। विधायक ने कहा कि यह मामला दिनोंदिन चलने के कारण बिगड़ता जा रहा है। ऐसे में वह जनता व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री से वार्ता कर समस्या का हल निकालने का प्रयास करेंगे। दिनभर हजारों वाहन सड़कों पर रेंगने को मजबूर हैं, तो वहीं व्यापारी भी इस तरह की व्यवस्था बनने से नाराज दिख रहे हैं।

## घने कोहरे का होने लगा हवाई सेवाओं पर असर

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इसका असर अब हवाई सेवाओं पर भी पड़ रहा है। घने कोहरे के चलते राजधानी के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचने वाली दो फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो सकी। दोनों फ्लाइट आसमान से ही वापस लौट गईं।

मिली जानकारी के अनुसार मुंबई और दिल्ली से सुबह 8.30 बजे के लगभग एयरपोर्ट पहुंचने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट आसमान से ही चक्कर लगाने के बाद दिल्ली वापस लौट गईं।


With Best Wishes from
The Principal, Staff and Students of
HILTON'S SCHOOL on the occasion of
the REPUBLIC DAY of our Nation.

BRIGHTLAND'S ESTATE, PO. MAJRA, DEHRADUN - PH. 0135-2640240



**गोरखा मिलिट्री इण्टर कॉलेज**

कैण्ट रोड, देहरादून



**सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षक**

**एल.बी.गुरुंग प्रबंधक**